दिन– सोमवार | दिनांक– 06 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत बिहार के लिए सोलह सौ तिरेसठ करोड़ छप्पन लाख रुपये की राशि जारी की।

02. बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी।

03. खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी ने कहा – राज्य सरकार भरत तिवारी मुठभेड़ मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करायेगी।

04. और, पूरे प्रदेश में मानसून हुआ सक्रिय। मौसम विभाग ने आज औरंगाबाद, भभुआ और रोहतास जिलों में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

केंद्र सरकार ने विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत बिहार के लिए सोलह सौ तिरेसठ करोड़ छप्पन लाख रुपये की राशि जारी कर दी है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी राज्यों के लिए योजना की पहली किस्त की राशि जारी की। ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह राशि अगले तीन महीने के लिए जारी की गयी है। इस राशि में राज्य सरकार का भी हिस्सा मिलाया जाएगा, जिससे पंचायतों का विकास आसानी से होगा। गौरतलब है कि यह राशि पूर्व में नौ महीने के लिए निर्धारित अंतरिम बजट से जारी की गयी है।

---

पटना जिले की बांकीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए अधिसूचना आज जारी होगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। प्रत्याशी तेरह जुलाई तक नामांकन कर सकेंगे। चौदह जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि सोलह जुलाई है। मतदान तीस जुलाई को होगा। वहीं, मतों की गिनती तीन अगस्त को होगी। गौरतलब है कि भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के इस्तीफे के कारण इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। इस सीट के लिए जन सुराज पार्टी ने प्रशांत किशोर को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं,

भाजपा और अन्य दलों की ओर से जल्द ही प्रत्याशी के नामों की घोषणा किये जाने की संभावना है।

---

खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी ने कहा है कि राज्य सरकार भरत तिवारी मुठभेड़ मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करेगी। कल भोजपुर जिले के शाहपुर के बिलौटी गांव में भरत तिवारी के परिजनों से मुलाकात के दौरान श्री चौधरी ने कहा कि दोषीयों को कानून के अनुसार कठोरतम दंड मिलेगा।

--साउंड बाइट--

इधर, इस घटना मामले में अफवाह फैलाने के आरोप में पुलिस ने बारह कंटेंट क्रिएटर पर मामला दर्ज किया है। पटना साइबर थाने के डीएसपी नीतीश चंद्र धारिया ने बताया कि सोशल मीडिया पर गलत और तथ्यहीन पोस्ट के मामले में यह कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि पचास से अधिक पोस्ट को हटाया गया है।

---

राज्य सरकार ने भागलपुर, मुजफ्फरपुर, छपरा और सीतामढ़ी में बनने वाले चार ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के लिए जमीन खरीद–बिक्री पर रोक लगा दी है। नगर विकास विभाग के अनुसार इन क्षेत्रों में नये निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है। यह रोक अगले वर्ष तीस जून तक प्रभावी रहेगी। विभाग के अनुसार पटना, सोनपुर, गयाजी, दरभंगा, सहरसा, पूर्णिया और मुंगेर में प्रस्तावित टाउनशिप में पहले ही जमीन खरीद–बिक्री पर रोक है।

---

राज्य में गन्ना किसानों को आधुनिक खेती करने और उनकी आय बढ़ाने के लिए लगभग चौंतीस सौ करोड़ रुपये की गन्ना यांत्रिकरण योजना की स्वीकृति दी गयी है। गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में गन्ना किसानों के बीच, तीन हजार दो सौ अठारह आधुनिक कृषि यंत्र वितरित किये जायेंगे। साथ ही अस्सी नये यंत्र बैंक स्थापित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बैंक में न्यूनतम सात यंत्र अनिवार्य रूप से रहेंगे।

---

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि कृषि आधारित स्टार्टअप से कॉलेज के छात्रों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत छात्रों को कृषि, बागबानी, डेयरी, मत्स्य और मधुमक्खी पालन तथा खाद्य प्रसंस्करण जैसे विभागों की जानकारी दी जाएगी।

---

राज्य में हिंसा से पीड़ित महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला गार्डों की तैनाती की जाएगी। समाज कल्याण विभाग की मंत्री श्वेता गुप्ता ने बताया कि राज्य के ग्यारह जिलों में चल रहे सभी इकसठ वन स्टॉप सह– सखी केंद्र पर महिला सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जाएगी। मंत्री ने बताया कि पटना सहित सत्ताईस जिलों में घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को सुरक्षा देने के लिए कोई स्थान तय नहीं है, इसलिए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में अल्पावास गृह बंद हो गए हैं, उन स्थानों पर शक्ति केंद्र के नाम से अल्पावास गृह खोले जायेंगे।

---

राज्य में पंचायत स्तर पर मछली उत्पादक समितियों का गठन किया जाएगा। डेयरी मत्स्य और पशु संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक ने बताया कि सहकारिता विभाग से मंजूरी के बाद पंचायत स्तर पर मत्स्य सहकारी समितियां गठित की जाएंगी। श्री अशोक ने कहा कि इस समिति में पंचायत के सभी मछली उत्पादकों को शामिल किया जाएगा और समितियों के माध्यम से ही मछली की खरीद–बिक्री की जाएगी। उन्होंने बताया कि पंचायत मत्स्य सहयोग समिति का उपनियम बनाया जा रहा है, इसी के आधार पर समिति का संचालन किया जाएगा।

---

शिक्षा विभाग ने जिला मुख्यालय और अनुमंडल मुख्यालयों में भी मॉडल स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। विभाग के अनुसार इसके पूर्व सभी प्रखंडों में एक–एक स्कूल का चयन मॉडल स्कूल के लिए किया गया है। इन मॉडल स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूम, आधुनिक प्रयोगशाला और अनुभवी शिक्षक होंगे। इसके साथ ही छात्रों को नौवीं कक्षा से ही नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

---

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने आधार से नकद निकासी के दौरान पांच हजार रुपये से अधिक की निकासी पर बायोमिट्रिक सत्यापन के साथ ओटीपी दर्ज करना अनिवार्य कर दिया है। निगम के अनुसार नये नियम के साथ पांच हजार रुपये से अधिक की निकासी के लिए आधार से जुड़े मोबाईल नम्बर पर ओटीपी मिलेगा। ओटीपी सत्यापन के बाद पैसा निकाला जा सकेगा। इससे पहले, नकद निकासी के लिए निर्धारित सीमा तक राशि निकालने के लिए केवल बायोमिट्रिक सत्यापन ही पर्याप्त था।

---

प्रदेश में मॉनसून सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। इस दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही विभाग ने अरवल, बांका, गयाजी, नालंदा और नवादा समेत इसके आस–पास के क्षेत्रों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार आज औरंगाबाद, भभुआ और रोहतास जिलों में एक दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है।

––साउंड बाइट––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, पूर्णियां, किशनगंज, सरहसा, सुपौल और भोजपुर समेत कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है। बारिश से राज्य के अधिकांश हिस्सों के अधिकतम तापमान में एक से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आयी है। ज्यादातर स्थानों का तापमान तैंतीस से उनतालीस डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

---

मधुबनी जिला प्रशासन ने बढ़ती गर्मी और तापमान के मद्देनजर जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में प्री–स्कूल समेत वर्ग आठ तक की कक्षाओं में पठन–पाठन सुबह साढ़े छह बजे से ग्यारह बजे तक करने का आदेश दिया है। यह आदेश आज से ग्यारह जुलाई तक प्रभावी रहेगा।

---

समग्र राष्ट्र, आज भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें याद कर रहा है। संस्कृति मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल सरकार के साथ मिलकर इस अवसर पर कोलकाता में कार्यक्रम आयोजित किया है। गृहमंत्री अमित शाह

कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इधर, प्रदेश में भी श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

---

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंदिर को मिले दान की छानबीन कर रहे विशेष जांच दल की रिपोर्ट सहित अनेक प्रशासनिक और वित्तीय मुद्दों पर विचार के लिये आज अपने सदस्यों की बैठक बुलाई है। ट्रस्ट की बैठक पहले दोपहर तीन बजे मणिराम छावनी में होनी थी, लेकिन अब यह राम मंदिर परिसर में ही होगी। इधर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा है कि मामले में दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा।

---

अररिया जिले के महलगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरह पंचायत के उदा गांव से पुलिस ने दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है।

---

गया जिले के साइबर थाने की पुलिस ने साइबर ठगों को मोबाईल सिम देने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार युवक के पास से कई कंपनियों के सैंतालीस सिमकार्ड बरामद किये हैं।

---

किशनगंज पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने संयुक्त कार्रवाई में अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के पास से पांच सौ सोलह ग्राम हेरोइन बरामद की गयी है। वहीं, जिले के कोचाधामन थाना क्षेत्र से मवेशी व्यापारी से हुई लूट की घटना के मामले में पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

रोहतास जिले के परसथुआं थाना क्षेत्र से पुलिस ने दुकानों में चोरी करने के आरोपित मो. अजीम को पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक कंटेनर ट्रक को भी जब्त किया है।

---

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने पूर्णिया और कटिहार जिले के जनजातीय बहुल क्षेत्रों से प्रतिभा खोज अभियान के तहत तीन सौ पचास खिलाड़ियों का चयन किया है। प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रण शंकरन ने बताया कि दो से पांच जुलाई तक आयोजित चयन शिविर में बारह से चौदह आयु वर्ग के खिलाड़ियों का चयन किया गया है। महानिदेशक ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को एथेलेटिक्स और तीरंदाजी समेत अन्य खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही यदि किसी क्षेत्र में खिलाड़ियों की संख्या अधिक होगी, तो उन स्थानों पर नये एकलव्य केंद्र खोले जायेंगे। इस अभियान के अगले चरण में जमुई, रोहतास, पश्चिम चंपारण और कैमूर के जनजातीय बहुल क्षेत्र में खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी अखबारों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की बड़ी खबर है – पटना एम्स को चौबीस एकड़ जमीन मिलेगी, दो सौ बेड बढ़ेंगे।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – बांकीपुर विधानसभा सीट पर राजद के साथ कांग्रेस भी जता रही दावा, अब शीर्ष नेतृत्व सुलझाएगा पेच।

**दैनिक भास्कर** ने अयोध्या राम मंदिर पर लिखा है – श्रीराम मंदिर ट्रस्ट की अहम बैठक आज, चंपत राय समेत तीन ट्रस्टियों की सुरक्षा बढ़ाने पर विचार।

**प्रभात खबर** लिखता है – राज्य में इको – टूरिज्म के लिए सत्तर जगहें बनेंगी पर्यटकों की पसंदीदा। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व, कांवर झील और राजगीर बनेंगे प्रमुख आकर्षण।

**आज अखबार** का शीर्षक है–दो सौ करोड़ रूपये के बांड से बदलेगी पटना की तस्वीर। वेंडिंग जोन से न्यू मार्केट तक होगा कायाकल्प, राज्य सरकार ने दी मंजूरी। **राष्ट्रीय सागर** की सुर्खी है – पटना, पालीगंज, मोकामा और नौबतपुर में बनेगा अत्याधुनिक बस डिपो।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्र सरकार ने विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत बिहार के लिए सोलह सौ तिरेसठ करोड़ छप्पन लाख रुपये की राशि जारी की।

02. बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी।

03. खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी ने कहा – राज्य सरकार भरत तिवारी मुठभेड़ मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करायेगी।

04. और, पूरे प्रदेश में मानसून हुआ सक्रिय। मौसम विभाग ने आज औरंगाबाद, भभुआ और रोहतास जिलों में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।